(c) the steps taken and being taken in regard thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINITER'S OFFICE (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): (a) to (c) Information is being collected an I Will be laid on the table of the House.

कश्मीर में पुन : बस गए कश्मीरी हिन्दू शरणार्थी

8240. **श्रीमती आनन्दीबेन जेठाभाई पटेल** : क्या प्रधान मंत्री 23 मार्च, 1995 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1608 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि उन कश्मीरी हिन्दु शरणार्थियों की संख्या कितनी है जो गत एक वर्ष के दौरान कश्मीर में पुन: बसाये गये हैं ?

प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (श्री भुवनेश चतुर्वेदी)) : हालांकि प्रवासियों की वापसी के लिए अनुकूल परिस्थितियां पैदा करने के प्रयास जारी हैं लेकिन पिछले एक वर्ष के दौरान कश्मीर में किसी प्रवासी का पुनर्वास नहीं किया गया है।

वैष्णों देवी की यात्रा करने वाले श्रद्धालु

8241. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान कितने श्रद्धालुओं ने जम्मू और कश्मीर स्थित वैष्णों देवी मंदिर में देवी के दर्शन किए ;

(ख) क्या वैष्णो देवी यात्रा के लिए अथवा देवी के दर्शन के लिए कोई शुल्क लिया जाता है; और

(ग) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान न्यास को शुल्क के माध्यम से कितनी धनराशि प्राप्त हुई ?

प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (श्री भुवनेश चतुर्वेदी) : (क) जम्मू व कश्मीर राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान लगभग 106 लाख तीर्थ-यात्रियों ने माता वैष्णों देवी के पवित्र धर्मस्थल की यात्रा की ।

(ख) जी नहीं, श्रीमान् ।

(ग) भाग (ख) में उल्लिखित उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

चरार-ए-शरीफ घटना के बाद आतंक-वादियों की गिरफ्तारियां

8242. **सैयद सिब्ते रजी :**
श्रीमती सुषमा स्वराज :
श्री राम जेठमलानी

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जम्मू और कश्मीर में चरार-ए-शरीफ धर्मस्थल को मई, 1995 में जला दिए जाने के बाद आतंकवादियों को पकड़ने और गोला-बारूद जब्त करने हेतु चलाए गए अभियान के दौरान कई उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया और गोला-बारूद जब्त किया गया था ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(ग) उनमें से कितनी विदेशी राष्ट्रिक थे और वे किस-किस देश से सम्बद्ध थे ; और

(घ) कितने उग्रवादियों को अभी गिरफ्तार किया जाना शेष है और वे किस-किस राज्य से सम्बद्ध हैं ?

प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (श्री भुवनेश चतुर्वेदी) : (क) और (ख) चरार-ए-शरीफ में 29 उग्रवादी मारे गए थे और एक उग्रवादी गिरफ्तार किया गया था। वहां से 15 ए.के. राफलें